हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार 1 जुलाई 2026


तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री से.
न्यूनतम 30.0 डिग्री से.


12 आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास...




12 सफाई कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी




सेवा - समर्पण - सफलता
## Janta Multi Speciality Hospital
Happy Doctor's Day
Salute to DOCTORS
HONORING OUR HEALERS
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत मान्यता प्राप्त AYUSHMAN BHARAT EMPANELLED HOSPITAL
FULLY NABH ACCREDITED HOSPITAL
DURGA ULTRASOUND
INSIDE
JANTA MULTISPECIALITY HOSPITAL
Accurate Diagnosis | Advanced Technology
Better Care
Dr. Ashwani Goyat
Consultant Radiologist
ULTRASOUND
General, Abdomen, Pelvis, Thyroid, Breast, Soft Tissue etc.
सटीक और सुरक्षित जांच
LEVEL 2 SCAN
Detailed anomaly scan for early & accurate detection
गर्भस्थ शिशु की विस्तृत जांच
COLOUR DOPPLER
Arterial, Venous & Organ Doppler for precise evaluation
रक्त प्रवाह की उन्नत जांच
डॉ. अभय चौधरी
वरिष्ठ आर्थोपैडिक सर्जन
मरीजों के विश्वास के साथ, सफलता की एक मजबूत पहचान
पिछले 2 वर्षों में 3000+ से अधिक सर्जरी सफलतापूर्वक करके बेहतरीन सेवा प्रदान की।
- हमारा संकल्प -
बेहतर इलाज, बेहतर जीवन
हर कदम पर आपके साथ, स्वस्थ भविष्य की ओर।
- मरीजों के प्रति संवेदनशीलता और व्यक्तिगत देखभाल
- सटीक निर्णय लेने की क्षमता और आधुनिक तकनीक का उपयोग
- हर मरीज की सुरक्षा और संपूर्ण उपचार हमारी प्राथमिकता
- हजारों मरीजों का विश्वास, हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि
General and Laparoscopic Surgeon
Dr. Pardeep Tanwar
MBBS, MS (General Surgery), FALS (Laparoscopic Surgeon)
- जनरल सर्जरी के सभी रोगों का संपूर्ण इलाज
- दूरबीन द्वारा (Laparoscopic) सर्जरी की सुविधा
- अनुभवी, कुशल एवं समर्पित सर्जन
- रोगी की सुरक्षा और सर्वोत्तम परिणाम हमारी प्राथमिकता
For More Contact- 8570900014



## SHAH HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
Where Care Feels Like Home
SINCE 1984
NABH
Ayushman Bharat PM-JAY
Follow Us:
जब 5000+ सर्जरीज
का अनुभव मिला
ROBOTIC
सटीकता से...
तो रचना एक नए
विश्वास की!
Man-Machine Teaming
मैन-मशीन टीमिंग
जोड़ों के दर्द से मुक्ति का एक आधुनिक और सुरक्षित सफर।
Dr Bikramjeet Singh Shah
MBBS MS ORTHO
FELLOW IN ARTHROPLASTY USA FLORIDA
FIASM BOSTON USA
+91 7988440371
+91 9255527200
www.shahhospitals.com



Dr. Sitender Garg's
## LORD RAMA
SUPER SPECIALITY HOSPITAL
डॉक्टर केवल एक पेशा नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और मानवता का सबसे श्रेष्ठ रूप हैं
Robotic Knee Surgery
National Doctor's Day
Proud to be a doctor
सभी TPA पैनल पर उपलब्ध

### हड्डी रोग विभाग
DR. SITENDER GARG
MBBS (Gold Medalist) MS Orthopaedics DNB Orthopaedics, MNAMS MRCS (England)
- कुल्ले एवं घूटने का प्रत्यारोपण।
- रीड़ की हड्डी का ऑप्रेशन
- सरवाईकल का ईलाज।
- कटे हुए अंग का ईलाज।
- जोड़ो का दर्द, घूटनों का दर्द, कमर दर्द,
- कन्धे का दर्द आदि का ईलाज।
- बच्चों के टेड़े-मेड़े पैरो को सीधा करना।
- टूटी हुई हड्डी का C-ARM मशीन द्वारा
- ACL, PCL Ligament का ऑप्रेशन।
- CTEV Casting/ Surgeries
- Detormity Correction

### जनरल सर्जरी विभाग
DR. RAJA NAHID KHAN
MBBS MS, GENERAL AND LAPAROSCOPIC SURGEON SPECIALIZED IN LASER PROCTOLOGY
- दूरबीन द्वारा पित्ते की पथरी, हर्निया
- एवं अपेंडिक्स का ऑप्रेशन।
- दूरबीन द्वारा पैर की फुली हुई नशों का ऑप्रेशन
- पाईल्स 184 बवासीर182, भंगदर, फिशर
- के लेजर द्वारा ऑप्रेशन।
- बढ़े हुए गदूद का ऑप्रेशन।
- बच्चेदानी का ऑप्रेशन।
- बच्चेदानी कि रशौली का ऑप्रेशन।
- गुर्दो की पथ्री का दुरबीन द्वारा ऑप्रेशन

### मेडिसन विभाग
DR. TOUSEEF YAQOOB BEIG
MBBS MD( MEDICINE)
- जहर पिये, सांप के काटने का ईलाज
- डेंगू, मलेरिया व चिकन गुनिंया स्पेशिलस्ट
- लीवर का ईलाज, काला - पीलीया का ईलाज
- पेट और फेफड़ों में पानी भरने का ईलाज
- लकवा का ईलाज
- शुगर की बिमारी।
- थायराइड का ईलाज
- गुर्दो की बिमारी का ईलाज।
- टी.बी., टाईफाईड, निमोनिया एवं मस्तिष्क ज्वर का ईलाज
- अधरंग, मिर्गी, एलर्जी एवं सांस- दमा की बिमारी का ईलाज।

24/7 Emergency Services
Lordramasuperspeciality@gmail.com
+91 79888-37716
Nehru Garden, MITC, Near Mini Secretariat, Kaithal

## खबर संक्षेप

### यूजी कोर्स में आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया समाप्त

**जींद।** यूजी कोर्स में आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है। इसके बाद 10 जुलाई को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में आएगा। उनके पास 11 से 15 जुलाई तक फीस जमा करवाने का समय रहेगा। कालेजों में दाखिला कमेटी द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन और विद्यार्थियों की लाग इन आइडी से त्रुटि हटाने का कार्य छह जुलाई तक होगा। आठ जुलाई को मेरिट लिस्ट को लेकर पात्र विद्यार्थियों की सूची जारी होगी। इसके बाद नौ जुलाई को पहली प्रोविजनल लिस्ट तो 10 जुलाई को फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी।

### सड़क हादसों में दो घायल, मामले दर्ज

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर सड़क हादसों में दो व्यक्ति घायल हो गए। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बहादुरपुर निवासी रोशन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी गाड़ी लेकर गांव की तरफ जा रहा था। जब वह सिंघपुरा रोड पर पहुंचा तो पीछे से तेज रफ्तार थार गाड़ी ने टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया और गाड़ी को भी नुकसान पहुचा है। वहीं गांव मुआना निवासी बिल्लू को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार कर घायल कर दिया।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** भिवानी रोड से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। भिवानी रोड निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुसुराग नही लगा। शहर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाश दिवस मनाया

**नरवाना।** श्री अकाल तख्त साहिब जी के संस्थापक मीरी पीरी के मालिक सिख धर्म के छठे गुरू पातशाहा श्री हरगोबिंद साहिब का पर्व एवं पावन दिहाड़ा पंजाबी चौक मे स्थित श्री गुरुद्वारा टिकाना बाबा बंदा सिंह बहादुर की समस्त कमेटी के सदस्यों एवं संगत के सहयोग से मनाया गया तिलक सचदेवा ने बताया कि ग्रंथी बलिहार सिंह के मुखारविंद से शब्द कीर्तन भी किए गए एवं उन्होंने अपनी वाणी से गुरु हरगोबिंद साहिब जी के जीवन के बारे में संगत को विस्तार पूर्वक सहजभाव से समझाया। अंत मे अरदास एवं देग का प्रशाद सारी संगत मे वितरण किया गया, प्रधान चरण जीत छाबड़ा एवं समस्त कमेटी के सदस्यों ने संगत का तहदिल से धन्यवाद किया।

### किसानों के खेतों से आठ बिजली मोटरें चोरी

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों पर चोरों ने आठ किसानों के खेतों से आठ बिजली मोटरें चोरी कर ली। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव लिजवाना कलां निवासी अंतराम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके खेत से तीन एचपी की मोटर को चोरी कर लिया। वहीं ढिगाणा निवासी रोहताश के खेत से बिजली मोटर को चोरी कर लिया। वहीं गांव दनौदा कलां निवासी धर्मपाल तथा पड़ोसी के खेत से दो बिजली मोटरों को चोरी कर लिया है।

### एबीवीपी ने विवि परीक्षा नियंत्रक को सौंपा ज्ञापन

**जींद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) हरियाणा ने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा. राजेश बंसल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन से नारनौल स्थित डिग्री कॉलेज से जुड़े मीडिया में प्रकाशित कथित बीएड परीक्षा एवं प्रायोगिक परीक्षा में धन उगाही और अनियमितताओं के मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। एबीवीपी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रोहन सैनी ने कहा कि मीडिया में सामने आए कथित वीडियो ने विवि की परीक्षा व्यवस्था और निगरानी प्रणाली पर गंभीर प्रश्न खड़े किए हैं।

### राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर ने किया जिले का दौरा

# आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव: बाल कृष्ण

### आंगनबाड़ी केंद्र, पुलिस स्टेशन व वृद्धाश्रम का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के बाल अधिकार एवं बुजुर्ग सुरक्षा के विशेष मॉनिटर बाल कृष्ण गोयल ने मंगलवार को जींद जिले का दौरा कर विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों, महिलाओं तथा बुजुर्गों के अधिकारों से जुड़ी व्यवस्थाओं का अवलोकन करते अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम होशियार सिंह, डीएसपी रिषभ सोढ़ी, ए सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली, डिप्टी सिविल सर्जन पालेराम कटारिया, सीडीपीओ संतोष, लेखाकार राजकुमार व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। विशेष मॉनिटर बाल कृष्ण गोयल अपने दौरे की शुरुआत पोली गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र से की। यहां केंद्र में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, बच्चों के पोषण, प्री स्कूल शिक्षा, स्वच्छता व्यवस्था, बच्चों के रिकॉर्ड रखरखाव व सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के तहत दी जा रही सुविधाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से संवाद कर बच्चों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, पोषण आहार वितरण एवं गर्भवती तथा दूध पिलाने वाली माताओं, महिलाओं को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव हैं और यहां गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। इसके बाद विशेष पर्यवेक्षक जुलाना थाना पहुंचे और उन्होंने थाने की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर की साफ.-सफाई, अभिलेखों का रखरखाव, शिकायत पंजीकरण प्रक्रिया, महिला सहायता कक्ष, थाना में आने वाले फरियादियों के लिए उपलब्ध सुविधाएं तथा मानवाधिकारों से संबंधित प्रावधानों के पालन की जांच की। पुलिस अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण किया जाए तथा आमजन के साथ संवेदनशील और सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों से जुड़े मामलों में मानवीय दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया। कहा कि जो भी फरियादी अपनी शिकायत लेकर आए उनके साथ मानवता भरे लहजे में बर्ताव करें। उन्होंने कहा कि थाना परिसर में सीसी टीवी कैमरे चालू हालात में होने चाहिए ताकि निष्पक्षता और पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने थाना परिसर का मुआयना करते हुए कहा कि थाना की बिल्डिंग काफी पुरानी हैए इस पर पुलिस अधिकारियों ने बताया कि थाना का नया भवन लगभग चार एकड़ में बनाया जाएगा। जिसके लिए सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी हैं और जल्द ही इस पर काम शुरू हो जाएगा। इसके बाद उन्होंने अमर ज्योति फाउंडेशन द्वारा संचालित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया।



जींद। ओल्ड एज होम में वृद्धों से बातचीत करते विशेष मॉनिटर बाल कृष्ण गोयल।



जींद। जुलाना थाने में दौरे के दौरान जानकारी हासिल करते बाल कृष्ण गोयल।

#### धरातल पर क्रियान्वयन का प्रयास

विशेष पर्यवेक्षक बाल कृष्ण गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की ये कोशिश रहती है कि हम धरातल पर जाकर ये समझने की कोशिश करें कि कहीं भी किसी स्तर पर मानवाधिकारों का उल्लंघन तो नहीं हो रहा है। प्रदेश और केंद्र के द्वारा बनाए गए नियम कानून, समय-समय पर जो योजनाएं चलाई जाती हैं उनका धरातल पर क्रियान्वयन होए उन्होंने कहा कि जो भी गरीब, असहाय लोग वृद्धाश्रमों में रह रहे हैं, उनको किस.किस तरह की सुविधाएं मिल रही हैं और किस तरह का हम चाहते हैं तो यह देखने की एक कवायद है। उसी के चलते हम ग्राउंड जीरो पर आकर अपना निरीक्षण कर रहे हैं। अगले दो दिन और जिला में जिला कारागार, अस्पताल, स्कूल, पुलिस स्टेशन, राशन डिपो, वृद्धाश्रम, बच्चों के अनाथ आश्रम जैसी संस्थाओं का मुआयना करेंगे।

### उदयवीर कुश्ती अखाड़ा ने समाजसेवी को किया सम्मानित

**जींद।** उदयवीर कुश्ती अखाड़ा द्वारा आयोजित चौथे विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन बड़े ही भव्य एवं सफल रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न राज्यों से आए नामी पहलवानों ने अपने दांव-पेंच का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। दंगल में बड़ी संख्या में खेल प्रेमियो, गणमान्य नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवाए युवाओं के मार्गदर्शन तथा खेलों के प्रति निरंतर सहयोग के लिए युवा समाजसेवी आशुतोष शर्मा को उदयवीर कुश्ती अखाड़ा की ओर से स्मृति चिन्ह एवं सम्मान पत्र देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अखाड़ा के आयोजक आशीष पहलवान, जसवीर एवं उनकी समस्त टीम ने कहा कि आशुतोष शर्मा लंबे समय से शिक्षा, समाजसेवा, जनकल्याण और खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनका सहयोग खिलाड़ियों और युवाओं के लिए हमेशा प्रेरणादायक रहा है तथा समाजहित के कार्यों में उनकी भागीदारी सराहनीय है।



जींद। आशुतोष को सम्मानित करते आयोजक। फोटो :हरिभूमि



जींद। मीटिंग में मौजूद व्यापार मंडल जींद के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### महाबीर कंप्यूटर बने व्यापार मंडल के जिला प्रधान

**जींद।** व्यापार मंडल जींद की कार्यकारिणी का गठन मंगलवार को किया गया। इसमें महाबीर कंप्यूटर को प्रधान, हरीश अलाहाबादी को संरक्षक और कृष्ण लखीना को महासचिव पद की जिम्मेदारी दी गई। पहली बार व्यापार मंडल की बैठक में 25 से ज्यादा संगठनों ने हिस्सा लिया। इसमें प्रमुख तौर पर व्यापार मंडल के प्रदेश प्रवक्ता समाजसेवी राजकुमार गोयल, पंजाबी बाजार एसोसिएशन के संरक्षक हरीश अलाहाबादी, तांगा चौक के प्रधान कृष्ण लखीना, सफीदों रोड से ऑटो मार्केट एवं अनिल बंसल, पंजाबी बाजार प्रधान गौरव गुम्बर, मेन बाजार प्रधान अनिल मंगला, पालिका बाजार घंटा घर मार्केट प्रधान जय कुमार गोयल, बाबा बाजार से सियाराम गोयल एवं आशीष जैन, होल सेल कपड़ा मार्केट से राजेश गोयल काजी, स्वर्णकार संघ से भारत भूषण रिंकू, सर्राफा एसोसिएशन से सतीश भारद्वाज, सब्जी मंडी से मोहित गुंबर, साड़ी मार्केट से सावर गर्ग, शहर की दोनों करियाना एसोसिएशन जिनमें रिटेल व होलसेल दोनों दुकानदार शामिल हैं।

### बाइक चोर गिरोह के एक नाबालिग सहित 3 दबोचे

**जींद।** जींद पुलिस द्वारा वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी के तहत उचाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी मामले में चोरी की मोटरसाइकिल सहित दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपित नाबालिग है। जिसे किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार संरक्षण में लिया गया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। उचाना थाना प्रभारी चंद्रपाल ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि गांव सफाखेड़ी निवासी सुरेंद्र ने 26 जून को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह अपनी मोटरसाइकिल से गांव तारखां स्टेडियम के पास आया था। जब वह वापस आया तो मोटरसाइकिल गायब मिली। थाना उचाना पुलिस ने सुरेंद्र की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ बाइक चोरी का मामला दर्ज किया था।

### हमेशा दूसरों की सहायता के लिए तत्पर रहें : सिहाग

**जींद।** हैबतपुर बस अड्डे पर मंगलवार को भीषण गर्मी को देखते युवा जजपा के प्रदेश महासचिव विकास सिहाग तथा उसके साथियो ने मीठे पानी की छबील लगाई। युवाओं ने राहगीरों के अलावा चालकों को रोक-रोक कर पानी पिलाया। विकास सिहाग ने कहा कि समाजसेवा केवल पानी पिलाने तक सीमित नही है बल्कि संपूर्ण समाज को ये सीख देता है कि हमें हमेशा दूसरों की सहायता के लिए हर पल तत्पर रहना चाहिए। हमें एक-दूसरे के अंदर सहयोग की भावना को जगाना है, इसी उद्देश्य को लेकर मीठे पानी की छबील लगाने की सोची ताकि समाज में नैतिक मूल्यों को विकसित किया जा सके और युवाओं के अंदर सद्भावना की प्रेरणा जागृत हो। मीठे पानी पिलाने के दौरान सभी युवा प्लास्टिक के गिलास एकत्रित करते रहे ताकि प्रदूषण न फैले। सचिन आहूजा ने कहा कि गर्मी के साथ लोगों को काफी परेशानी बन रही थी। इस पर उन्होंने छबील लगाने की सोची। सभी युवाओं ने मिल कर यात्रियों व वाहन चालकों को पानी पिलाया। सतीश सिहाग, काका बादल, डा. बेदी, आयुष, रामेहर समेत अन्य ने भी सहयोग किया।




जींद। मीठे पानी की छबील लगा कर पानी पिलाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सेढ़ा माजरा में पंचायत ने लगाए तीन वाटर कूलर

**उचाना।** भीषण गर्मी के बीच सेढ़ा माजरा गांव के लोगों को ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत ने गांव के विभिन्न स्थानों पर तीन वाटर कूलर स्थापित किए हैं। वहीं एक अतिरिक्त वाटर कूलर स्कूल खुलने के बाद विद्यार्थियों की सुविधा के लिए विद्यालय में लगाया जाएगा। ग्रामीण रामदिया, बिंद्र, राजा राम और रामफल ने बताया कि गांव में लंबे समय से सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर लगाने की मांग की जा रही थी। पंचायत ने उनकी मांग को पूरा करते हुए अलग-अलग स्थानों पर वाटर कूलर लगवाए हैं। इससे अब राहगीरों और ग्रामीणों को गर्मी के दौरान ठंडा पेयजल मिल रहा है। सरपंच प्रतिनिधि अनूप खटकड़ ने बताया कि एक वाटर कूलर पर पानी की पाइपलाइन सहित करीब एक लाख का खर्च आया है। पंचायत ने इस योजना पर कुल लगभग चार लाख रुपये खर्च किए हैं।



जींद। शिविर के समापन पर योगासन का प्रदर्शन करते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### बाल योग चरित्र निर्माण संस्कार शिविर संपन्न

**जींद।** नरवाना मार्ग स्थित शांति धर्मी परिसर में सत्य सुधा शास्त्री के निर्देशन में संचालित बाल योग संस्कार निर्माण शिविर का सोमवार को समापन हो गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपने द्वारा सीखे गए योगासनों का प्रदर्शन करके वाहवाही बटोरी। यह कार्यक्रम योग दिवस 21 जून से प्रारंभ हुआ था। गैर आवासीय शिविर में प्रातः व सायं लगभग 35 बच्चों ने नियमित रूप से भाग लिया। समापन के अवसर पर बच्चों ने विशेष व्यायाम और आसनों का प्रदर्शन किया। इस शिविर में विशेष रूप से बच्चों को शारीरिक व्यायाम, प्राणायाम, दैनिक व्यवहार, नैतिक शिक्षा, माता-पिता और बड़ों से व्यवहार के संबंध में प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया गया। समापन के अवसर पर एक यज्ञ का आयोजन भी किया गया। विशेष उत्साह दिखाने वाले बच्चों को विशेष पुरस्कार दिए गए और सभी बच्चों को नैतिक शिक्षा की पुस्तकें देकर प्रोत्साहित किया गया। मुख्य रूप से सहदेव समर्पित, सत्यसुधा शास्त्री, कमलेश देवी, सुनील देवी, रमेश, सुमन मान आर्य, शिक्षा, सुमेधा आर्य, रवीश कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने बच्चों को प्रोत्साहित किया।

### एसडीएम ने बरसात के मौसम को देखते हुए नगर परिषद के अधिकारियों के साथ शहर का दौरा किया

# सफाई कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

एसडीएम जगदीश चंद्र ने मंगलवार को नरवाना शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर आगामी बरसाती मौसम के मद्देनजर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान नप के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) ऋषिकेश तथा सचिव संदीप कुमार भी उनके साथ मौजूद रहे। एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान शहर में सफाई व्यवस्था, नालों की स्थिति तथा सीवरेज सिस्टम का गहनता से अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम जगदीश चंद्र ने विशेष रूप से शहर के प्रमुख नालों, गलियों तथा जलभराव संभावित क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने पाया कि कई स्थानों पर नालों की नियमित सफाई की आवश्यकता है, जिससे बरसात के दौरान जल निकासी में बाधा उत्पन्न हो सकती है। इस पर उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते कहा कि बरसात शुरू होने से पहले सभी नालों की व्यापक स्तर पर सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जलभराव की समस्या से शहरवासियों को राहत मिल सके। एसडीएम ने कहा कि बरसाती मौसम के दौरान थोड़ी सी लापरवाही भी बड़ी परेशानी का कारण बन सकती है। इसलिए नगर परिषद को चाहिए कि समय रहते आवश्यक तैयारियां पूरी कर ले। उन्होंने ईओ ऋषिकेश और सचिव संदीप कुमार को निर्देश दिए कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इस कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। इसके साथ ही एसडीएम ने शहर के सीवरेज सिस्टम की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी सीवरेज लाइनों की अच्छी तरह से सफाई करवाई जाए।



बरसात का मौसम शुरू होने से पहले नप के अधिकारियों के साथ जायजा लेते हुए।

#### अतिरिक्त संसाधन लगाए जाएं

एसडीएम ने नगर परिषद के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि सफाई कार्य के दौरान निकाले गए कचरे का उचित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए और उसे सड़कों या सार्वजनिक स्थानों पर न छोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता बनाए रखना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों की भी सहभागिता आवश्यक है। शहरवासियों से भी अपील की कि वे अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखें और कचरे को निर्धारित स्थानों पर ही डालें। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने जलभराव की आशंका वाले स्थानों की पहचान करने के भी निर्देश दिए, ताकि समय रहते वहां आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें। कहा कि जिन क्षेत्रों में पहले जलभराव की समस्या रही है, वहां विशेष ध्यान दिया जाए और अतिरिक्त संसाधन लगाए जाएं।

## खबर संक्षेप

### जींद पुलिस विभाग से छह कर्मचारी सेवानिवृत्त



**जींद।** पुलिस विभाग जींद से छह पुलिस कर्मचारी सेवानिवृत हुए हैं। जिनको उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय संदीप कुमार ने विदाई समारोह के दौरान फूलमाला, पगड़ी, स्मृति चिह्न, सूटकेस व डीनर सेट व अन्य उपहार देकर सम्मान के साथ अपने आगामी जीवन के बारे में शुभकामनाएं दी। वैलफेयर उप निरीक्षक धर्मपाल, पुलिस प्रवक्ता राजेश , सेवानिवृत पुलिस कर्मचारी प्रेम सिंह बांगड के अलावा पुलिस विभाग जींद के अन्य कर्मचारी, सेवानिवृत जाने वाले कर्मचारी व उनके परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

### केएम राजकीय कालेज पहुंचे संत आत्मप्रकाश महाराज



**नरवाना।** मंगलवार को हरिद्वार से आये पूज्यनीय संत श्रीश्री 1008 स्वामी आत्मप्रकाश महाराज ने नरवाना केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना मे स्थित माँ सरस्वती के दर्शन किए ओर पुष्प सहित उनके चरणों मे नमन किया उसके उपरांत पुष्प माला अर्पित की, ज्योत प्रज्ज्वलती की, वापिसी में चलते चलते कॉलेज कैंपस की साफ सफाई को देख कर खूब तारीफ की। तिलक सचदेवा ने बताया की आज से लगभग 32 वर्ष पहले पंजाबी चौक में स्थित श्री गीता मन्दिर की आधारशिला भी अपने कर कमलों के द्वारा रखी थी और इनके सन्धिय मे स्थापना दिवस धूम धाम से मनाया गया था। संतों के चरणों की रज जहां जहां पड़ती वहां सदा शुभ होता है।

### त्रिवेणी लगा म्हारा हरा-भरा उचाना अभियान प्रारंभ

**उचाना।** मानसी खेड़ी मंसानिया के जन्मदिन पर त्रिवेणी का पौधरोपण कर म्हारा हरा-भरा उचाना अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया गया। उचाना सेवा ग्रुप संयोजक मा. रामप्रसाद ने बताया कि अभियान उस समय शुरू किया गया था, जब डॉ. राजेश खोथ उचाना के एसडीएम थे। वर्तमान में डॉ. खोथ हांसी में एसडीएम के पद पर कार्यरत हैं। उनकी प्रेरणा से पौधरोपण अभियान की शुरुआत की गई थी, जिसका शुभारंभ तत्कालीन उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने किया था। तभी से प्रत्येक वर्ष इस अभियान के तहत पौधरोपण किया जा रहा है। मा. रामप्रसाद ने कहा कि यदि स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त वातावरण चाहिए तो केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल करना भी उतना ही आवश्यक है।

### प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को करना चाहिए रक्तदान

**जींद।** भारत विकास परिषद वीर शाखा, जिला रेडक्रॉस सोसायटी तथा पीजीआई रोहतक के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को स्थानीय नेहरू पार्क में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जींद के एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने किया। इस अवसर पर उन्होंने रक्तदाताओं को बैज लगा कर उनका उत्साहवर्धन किया। शिविर में लगभग 45 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति को नया जीवन दे सकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करना चाहिए ताकि अस्पतालों में रक्त की उपलब्धता बनी रहे और आपातकालीन परिस्थितियों में किसी भी मरीज को रक्त की कमी का सामना न करना पड़े। उन्होंने रक्तदाताओं के इस मानवीय कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

### महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही सरकार

**उचाना।** भाजपा नेत्री सुषमा अत्री ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार महिलाओं के हितों और उनके सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते लगातार जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है। कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिलाओं से किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। वे लोधर, खकरभूरा, घसो कलां गांव में कार्यकर्ता यहां सुख, दुख में पहुंची। अत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से निरंतर नई योजनाएं शुरू कर रही है। इसी कड़ी में हरियाणा सरकार द्वारा लाडो लक्ष्मी योजना का शुभारंभ किया गया है, जिससे प्रदेश की महिलाओं को सीधा लाभ मिलेगा। भाजपा सरकार का लक्ष्य महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाना है।

### सरकार ने शिक्षा व्यवस्था को जानबूझकर संकट में धकेला, निजीकरण की ओर बढ़ाए जा रहे कदम

**नरवाना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कुमारी सैलजा ने हरियाणा की शिक्षा व्यवस्था की बदहाल स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों ने सरकारी शिक्षा को गंभीर संकट में धकेल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार सुनियोजित तरीके से सरकारी शिक्षा व्यवस्था को कमजोर कर उसे निजी हाथों में सौंपने का रास्ता तैयार कर रही है। कुमारी सैलजा ने कहा कि हाल ही में सामने आए आधिकारिक आंकड़े बेहद चिंताजनक हैं। प्रदेश के सरकारी स्कूलो में शिक्षक भर्ती में लगातार देरी का खामियाजा लाखों विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। सांसद ने कहा कि प्रदेश में 968 सरकारी प्राथमिक विद्यालय केवल एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं।



### एसडीएम ने जल निकासी प्रबंधों का जायजा लिया

**जींद।** बरसात के मौसम को देखते हुए एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने मंगलवार को जींद शहर के काठ मंडी रोड क्षेत्र का दौरा कर गंदे पानी की निकासी, नालों की सफाई तथा सीवरेज व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर परिषद एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसाती सीजन शुरू होने से पहले सभी नालों, सीवरेज लाइनों और जल निकासी व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त किया जाए ताकि वर्षा के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर नालों की सफाई, सीवरेज लाइनों की स्थिति तथा जल निकासी प्रबंधों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन स्थानों पर नालों में गाद, कूड़ा, कचरा या अन्य प्रकार का अवरोध है, उसे प्राथमिकता के आधार पर तत्काल हटाया जाए। साथ ही सीवरेज लाइनों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाएए ताकि बरसात के दौरान पानी की निकासी सुचारु रूप से होती रहे। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद तथा संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



### कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे

**जींद।** पल्स पोलियो अभियान के तहत सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में अभियान के तीसरे दिन स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाने का कार्य जारी रखा। टीमों ने उन बच्चों की पहचान की, जो पहले दो दिनों में किसी कारणवश पोलियो की खुराक से वंचित रह गए थे। प्रत्येक पात्र बच्चे को पोलियो की दवा पिला कर यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी बच्चा अभियान से छूटने न पाए। अभियान के दौरान चिकित्सा अधिकारी डा. रेणु ने विभिन्न गांवों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य टीमों द्वारा किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया तथा अभियान के सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने टीमों से कहा कि प्रत्येक घर तक पहुंच बनाकर यह सुनिश्चित करें कि 0-5 वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की दो बूंद दवा से वंचित न रहे।

खबर संक्षेप

## राजौंद में युवाओं ने लगाई छबील

**राजौंद।** ज्येष्ठ माह की भीषण गर्मी में राजौंद क्षेत्र में छबील लगाने का पुण्य कार्य लगातार जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को नगर की खेड़े वाली गली में युवाओं द्वारा जलजीरा व ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई गई। तेज धूप और उमस भरी गर्मी के बीच इस सेवा कार्य ने लोगों को काफी राहत प्रदान की। छबील सेवा में जुटे युवाओं ने सड़क से गुजरने वाले हर राहगीर और वाहन चालकों को रोक-रोक कर ठंडा जल और जलजीरा पिलाया। सेवा भाव से ओत-प्रोत युवाओं की श्रद्धा और उत्साह देखते ही बन रहा था।

## लेखाकार सुशीला रानी को दी विदाई

**कैथल।** जिला राजस्व कार्यालय, कैथल में कार्यरत जिला राजस्व लेखाकार सुशीला रानी को सेवानिवृत्ति पर विदाई पार्टी दी गई। कार्यक्रम में उपायुक्त अपराजिता तथा जिला राजस्व अधिकारी चंद्र मोहन ने सुशीला रानी के लंबे सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पूरे कार्यकाल के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और पूर्ण समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में उनकी कार्यशैली सदैव अनुकरणीय रही।

## अवैध देशी पिस्तौल सहित आरोपी काबू

**कैथल।** विशेष अभियान के तहत अपराध शाखा कलायत की टीम ने एक आरोपी को अवैध देशी पिस्तौल सहित काबू 1 करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की अपराध शाखा कलायत प्रभारी एएसआई मनीष कुमार की अगुवाई एएसआई मंजीत सिंह व सिपाही रूप सिंह की टीम को गश्त दौरान सूचना मिली की बंजारा कालोनी ढांड निवासी सुमित रेलवे स्टेशन कलायत की तरफ से पैदल-पैदल सिरसा ब्रांच नहर पुल कलायत की तरफ आ रहा है, जो अपने साथ अवैध देशी पिस्तौल लिए हुए है।

## विवाहिता 10 माह के बच्चे को छोड़ हुई लापता

**कैथल।** शहर की एक कॉलोनी से एक 20 साल की विवाहिता 10 माह के बेटे को छोड़ संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पति की शिकायत पर सिटी थाना पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में युवक ने बताया कि उसकी शादी करीब दो साल पहले हिसार जिले की एक युवती के साथ हुई थी। 27 जून की रात किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हो गई थी। इसके बाद 28 जून को सुबह पत्नी बिना किसी को बताए घर से चली गई।

## घर-घर पहुंचकर पिलाई पोलियो ड्राप

**राजौंद।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत क्षेत्र में तीसरे दिन भी स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो रोधक दवा पिलाने का कार्य जारी रखा। इस तीन दिवसीय अभियान के अंतिम दिन कुल 414 बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को 'दो बूंद जिंदगी की' पिलाकर उन्हें पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित करने का संदेश दिया। स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने न केवल बच्चों को दवा पिलाई, बल्कि अभिभावकों को भी जागरूक किया।

## अनजान नंबर से पैसे मांगने पर हो जाएं सतर्क

**कैथल।** पुलिस विभाग द्वारा आमजन को साइबर ठगो से सावधान करते हुए जागरूक किया जा रहा है। ऐसे ही एक तरीका परिचित की प्रोफाइल फोटो लगाकर अनजान नंबर से पैसो की डिमांड करने का है। इस बारे एसपी मनप्रीत सिंह सूदन द्वारा एडवाइजरी जारी करते हुए आमजन को सतर्क रहने का आग्रह किया गया है। वारदात का तरीका बताते हुए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि साइबर ठग आमजन को व्हाट्सएप पर उनके परिचित डीपी लगाकर अनजान नंबर से मैसेज करते है कि उसे तुरंत रुपये की आवश्यकता है।

# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवसः बचाते हैं लोगों की जिंदगी, मिला है भगवान का दर्जा

### वर्ष 1991 में देश में चिकित्सक दिवस मनाने की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

■ रोते को हंसाने का फन रखते हैं चिकित्सक

चिकित्सक किसी व्यक्ति को मौत के मुंह से बाहर निकाल सकते हैं। यही कारण है कि चिकित्सक को भगवान का दर्जा दिया गया है। केंद्र सरकार ने साल 1991 में 1 जुलाई को राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस मनाने की शुरूआत की थी। इस दिन महान चिकित्सक डॉक्टर बिधानचंद्र रॉय की पुण्यतिथि भी होती है। उन्हीं को याद करते हुए और डॉक्टर्स के लिए कृतज्ञता दिखाते हुए ये खास दिन मनाया जाता है। डॉ. बिधानचंद्र रॉय एक महान डॉक्टर थे जो पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री भी रहे। डॉक्टर बिधानचंद्र रॉय ने महात्मा गांधी के कहने पर राजनीति में कदम रखा था। वो एक महान समाजसेवी, आंदोलनकारी और अच्छे राजनेता भी थे। आजादी के दौरान असहयोग आंदोलन में उन्होंने हिस्सा लिया। कुछ लोग उन्हें महात्मा गांधी और चाचा नेहरू के डॉक्टर के रूप में जानते थे। डाक्टर डे को लेकर हरिभूमि द्वारा नगर के विभिन्न चिकित्सकों से बातचीत की गई।

### चिकित्सा मानव सेवा का सबसे बड़ा माध्यम : डॉ. सितेंद्र गर्ग



लार्ड रामा सुपर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. सितेंद्र गर्ग ने कहा कि डॉक्टर का पेशा केवल रोजगार नहीं, बल्कि मानव सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। मरीज का विश्वास ही डॉक्टर की सबसे बड़ी पूंजी होता है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक ने इलाज को आसान बनाया है, लेकिन मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार और मानवीय दृष्टिकोण आज भी सबसे अधिक महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने लोगों से नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, व्यायाम और समय पर उपचार कराने की अपील की।

### डॉक्टर दिवस देता है दायित्वों के प्रति समर्पित होने की प्रेरणा : डॉ. शाह



शाह अस्पताल कैथल के एमडी डा. एमएस शाह ने कहा कि डॉक्टर दिवस हमें अपने दायित्वों के प्रति और अधिक समर्पित होने की प्रेरणा देता है। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों का उद्देश्य केवल बीमारी का इलाज करना नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक करना भी है। उन्होंने कहा कि बदलती जीवनशैली के कारण मधुमेह, उच्च रक्तचाप और हृदय रोग जैसी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। यदि लोग समय पर जांच कराएं और स्वास्थ्य संबंधी सलाह का पालन करें तो कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।

### रोते मरीज को हंसा सकता है डॉक्टर : डॉ. चहल



अमन अस्पताल की संचालक डा. अमन चहल ने कहा कि डाक्टर ही एक ऐसा इंसान है जो रोते हुए मरीज को हंसा सकता है। मरीज को बचाने के लिए डाक्टर अपनी खुद की भी परवाह नहीं करता तथा सभी कुछ दांव पर लगा देता है। डाक्टर मरीज के होठों पर हंसी ला सकता है। महिलाएं डिलीवरी के समय कराहते हुए अस्पताल आती हैं।

### निःस्वार्थ भाव से करते हैं सेवा : डॉ. गोयत



जनता मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के निदेशक डा. अश्विनी गोयत ने सभी जिलावासियों को डाक्टस दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भगवान सबके जीवन की रक्षा खुद नहीं कर पाते इसलिए इस दुनिया में अपने रूप में डॉक्टर को भेज दिया। उन्होंने कहा कि सभी डाक्टर्स निःस्वार्थ भाव से मरीज की सेवा करते हैं। मरीजों को भी डाक्टस को सम्मान देना चाहिए।

### जीवन बचाने को करते हैं कड़ी मेहनत : डॉ. पंवार



जयपुर अस्तपाल के एमडी डा. देवेंद्र पंवार ने ने कहा कि चिकित्सक मरीज का इलाज करने के लिए पूरा जी जान लगा देता है और यही कारण है कि वह मरीज को मौत के मुंह से भी बाहर निकाल लेता है। आपात स्थिति के दौरान कई बार डाक्टर को भी कड़ी परीक्षा से गुजरना होता है लेकिन उसका लक्ष्य केवल मरीज को बचाना होता है।

## कलायत क्षेत्र में बाढ़ प्रबंधन के दावों की खुली पोल, झाड़ियों से पटी है ड्रेन

# प्रशासन के दावे करा रहे फील गुड जमीनी हकीकत देख छूट रहे पसीने

### लाखों रुपये के टेंडर हुए जारी, फिर भी कपिल मुनि ड्रेन में दिख रहीं झाड़ियां, गाद व कचरे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कलायत



**कलायत।** क्षेत्र में निकासी संसाधनों की बदहाल स्थिति। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश सरकार द्वारा मानसून को देखते हुए बाढ़ प्रबंधन और जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने के आदेशों के बेसअसर होने से प्रशासनिक दावों और लाखों रुपये के खर्च के बावजूद शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल निकासी व्यवस्था बदहाल बनी हुई है।

हालात ऐसे हैं कि हलकी बारिश भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बनेगी। जबकि भारी बरसात की स्थिति में जलभराव का संकट और गहरा सकता है। शहर के लोगों का कहना है कि कलायत नगर पालिका ने शहर की एकमात्र प्रमुख कपिल मुनि ड्रेन की सफाई का दावा करते हुए लाखों रुपये का टेंडर जारी किया था। लेकिन ड्रेन के तटबंधों, तलहटी और कई अन्य हिस्सों में झाड़ियां, गाद व कचरा जमा है। यह स्थिति साफ संकेत दे रही है कि सफाई कार्य केवल कागजों तक सीमित रह गया है।

समय पर सफाई नहीं होने से खेतों में पानी भरने की आशंका बढ़ती नजर आ रही है। किसान लगातार विभाग से सफाई कराने की मांग कर रहे हैं। अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। जिला उपायुक्त अपराजिता द्वारा संबंधित विभागों को कई बार आवश्यक निर्देश जारी किए जाने के उपरांत भी जमीनी स्तर पर सुधार नहीं दिख रहा।

बाढ़ प्रबंधन केवल निकासी संसाधनों के थोड़े बहुत भाग तक सीमित है। शहर में गलियों के निर्माण व रिपेयर के नाम पर सीवरेज मेन हालों के ढक्कन जमीन में दफन कर दिए गए हैं। इस सीवरेज का सफाई कार्य संभव नहीं। ऐसे में आवासीय क्षेत्र की निकासी व्यवस्था का होचपोच रहना तय है। पार्षदों व शहर के लोगों द्वारा बार-बार इस समस्या के निवारण की मांग उठाई जा रही है। यदि जल्द मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया तो हालात और भी बदतर होंगे।

गांवों में निकासी नालों का रखरखाव व कृषि भूमि को जलभराव से बचाने के लिए समन्वित योजना पर काम करना आवश्यक है। क्षेत्र पहले भी जलभराव की गंभीर समस्या झेल चुका है। वर्ष 1995 से लेकर अब तक कई बार बाढ़ और भारी बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया है। हर वर्ष सामान्य बारिश के दौरान भी शहर की सड़कों, बाजारों, रिहायशी इलाकों और खेतों में पानी भर जाता है। इस बार भी इसकी आशंका है।

### प्रशासन से हरकत में आने की अपील

मानसून की सक्रियता बढने के साथ अब स्थानीय लोगों की चिंता भी बढ़ गई है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि कागजी दावों के बजाय तत्काल प्रभाव से ड्रेनों, नहरों और निकासी नालों की व्यापक सफाई कराई जाए। ताकि बरसात के दौरान किसी भी संभावित जलभराव और बाढ़ जैसी स्थिति से समय रहते बचाव किया जा सके।

### कमियों को करवाया जा रहा दूरः एसडीएम

कलायत एसडीएम अजय हुड्डा ने बताया कि लगातार अधिकारियों को बाढ़ प्रबंधन के निर्देश दिए जा रहे हैं। इसके तहत नगर पालिका, सिंचाई, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व अन्य संबंधित विभागों को समुचित रूप से सफाई कार्य करना है। धरातल पर स्थिति को जांचने के लिए वे खुद स्थिति का निरीक्षण कर रहे है। जो कमियां और खामियां सामने आई उन्हें दूर करने के सख्त निर्देश हैं। उन्होंने हर स्तर पर बाढ़ प्रबंधन कार्य को प्रभावी बनाए रखने का आश्वासन दिया।

## जनता की सेवा और विकास सैनी सरकार की प्राथमिकता



**ढांड।** वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ ढांड

गांव ढांड स्थित प्राचीन डोबी माता मंदिर परिसर में आयोजित सामाजिक एवं जनसंवाद कार्यक्रम में हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में क्षेत्र के सम्मानित बुजुर्गों, युवाओं एवं गणमान्य नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस दौरान भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद करते हुए उनके विचार, सुझाव एवं क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और हरियाणा की नायब सरकार की जनहितैषी नीतियों से अवगत करवाया। कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों ने अशोक गुर्जर का फूलों की माला डालकर भव्य स्वागत कर सम्मान किया। अपने संबोधन में हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि समाज की प्रगति में युवाओं की ऊर्जा और बुजुर्गों के अनुभव की समान रूप से महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जनप्रतिनिधियों और समाज के बीच निरंतर संवाद लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है। समाजहित और जनसेवा के कार्य तभी प्रभावी बनते हैं, जब आमजन की सहभागिता और विश्वास साथ हो। कहा कि जनसेवा और विकास करवाना ही हरियाणा की नायब सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समाज की सेवा और विकास के लिए हर पल समर्पित हूं जनता का विश्वास ही सबसे बड़ी ताकत है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर गांव के सरपंच जसबीर गुर्जर, रामस्वरूप गांगल, मेजर कसाना, रणधीर कसाना, पूर्व सरपंच गुरमेल पंवार, बलकार कसाना, बलिराम पठानियां, राजपाल भारद्वाज, नाथाराम पठानियां, लाभ सिंह खेपड़, नरेंद्र पंवार, दासाराम पंवार, मास्टर रोशन लाल पंवार, रोहतास गिल आदि उपस्थित रहे।

## जिला जनगणना हस्तपुस्तिका की जाएगी तैयार : डीसी अपराजिता

■ आधारभूत सुविधाओं का होगा डिजिटल सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल





**कैथल।** डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

डीसी अपराजिता ने कहा कि जनगणना 2027 के तहत हाउस लिस्टिंग का कार्य पूरा हो चुका है। अब जिला जनगणना हस्तपुस्तिका (डीसीएचबी) तैयार की जाएगी। इस कार्य को पूरी गंभीरता, गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए। यह दस्तावेज आने वाले वर्षों के लिए जिले का महत्वपूर्ण रिकॉर्ड होगा। इसलिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए तथ्यात्मक डेटा एकत्र करें।

डीसी मंगलवार को लघु सचिवालय में जिला जनगणना हस्तपुस्तिका की तैयारियों को लेकर राजस्व एवं सांख्यिकी विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। बैठक से पूर्व जनगणना निदेशालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला उपायुक्तों को डीसीएचबी की तैयारी, प्रक्रिया, समय-सीमा तथा डिजिटल प्रणाली के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। डीसी सी अपराजिता ने कहा कि जिला जनगणना हस्तपुस्तिका किसी जिले का महत्वपूर्ण दस्तावेज होती है, जिसमें राजस्व गांव स्तर तक की ऐतिहासिक, सामाजिक, आर्थिक एवं आधारभूत सुविधाओं से संबंधित विस्तृत जानकारी होती है। यह दस्तावेज प्रशासनिक योजनाओं के निर्माण, विकास कार्यों, नीति निर्धारण आदि के लिए बहुत उपयोगी होता है।



**पूंडरी।** समस्याएं सुनते विधायक प्रतिनिधि एवं गांव जांबा के सरपंच लाभ सिंह।

## विधायक सतपाल जांबा जनसेवा के लिए दिन-रात समर्पितः लाभ सिंह

**पूंडरी।** गांव जांबा के सरपंच लाभ सिंह ने अपने कार्यालय में पहुंचे क्षेत्रवासियों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस दौरान लोगों ने बिजली, पेयजल, सडक़, राजस्व, पेंशन तथा अन्य जनहित से जुड़े विभिन्न मामलों को उनके समक्ष रखा। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर बातचीत कर कई मामलों के शीघ्र समाधान के निर्देश दिलवाए तथा शेष समस्याओं के भी जल्द निस्तारण का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि विधायक सतपाल जांबा पूंडरी हलके के प्रत्येक गांव और शहर के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए दिन-रात वचनबद्ध हैं। जनसेवा उनके सार्वजनिक जीवन का प्रमुख उद्देश्य है और इसी भावना के साथ क्षेत्र के विकास एवं लोगों की सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि विधायक के नेतृत्व में क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के साथ-साथ आमजन की छोटी से छोटी समस्या का भी गंभीरता से समाधान कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान उनकी प्राथमिकता है तथा उनका कार्यालय हमेशा आमजन के लिए खुला है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

### नशा करने वालों की हरकत से परेशान हैं पूंडरी कस्बे के लोग

# एचएसवीपी कॉलोनी के खाली क्वार्टर बने नशेड़ियों के अड्डे

*आए दिन मिलते हैं खाली सिरिंज और अन्य आपत्तिजनक सामान*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पूंडरी



एचएसवीपी कॉलोनी में नशे की सीरिंज दिखाते कॉलोनीवासी।

कस्बे में लगातार बढ़ रही नशाखोरी की समस्या अब रिहायशी क्षेत्रों तक पहुंचने लगी है। शहर की पाश कालोनी हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण में जन स्वास्थ्य विभाग (पब्लिक हेल्थ) के लंबे समय से खाली पड़े सरकारी क्वार्टर कथित रूप से नशेड़ियों का अड्डा बने हुए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां नशेड़ी सिरिंज के माध्यम से नशा करते हैं और आए दिन खाली सिरिंज व अन्य आपत्तिजनक सामान भी पड़ा मिलता है। इससे कालोनी के लोगों, विशेषकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में भय का माहौल बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन खाली क्वार्टरों में दिन-रात संदिग्ध लोगों का आना-जाना लगा रहता है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि इन भवनों को सुरक्षित कराया जाए, नियमित पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और नशे के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन भूप सिंह सैनी ने कहा कि नशा समाज और विशेषकर युवाओं के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा बनता जा रहा है।

प्रशासन को इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि युवाओं को इस दलदल में जाने से रोका जा सके। उन्होंने कहा कि इस सरकारी भवन को लेकर कई बार नगरपालिका व एचएसवीपी के अधिकारियों को अवगत करवाया गया है, लेकिन वे कोई ध्यान नहीं देते। बल्कि वे एक दूसरे का अधिकारी क्षेत्र बताकर इससे पल्ला झाड़ लेते है। कांग्रेस नेता कमलदीप हाबड़ी ने कहा कि सरकार और प्रशासन को केवल अभियान चलाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि ऐसे स्थानों की पहचान कर वहां लगातार निगरानी रखनी चाहिए, जहां नशेड़ी एकत्रित होते हैं। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

### संज्ञान में नहीं है मामला

थाना प्रभारी शिव कुमार ने कहा कि पुलिस कप्तान मनप्रीत सिंह सूदन के नेतृत्व में जिले में नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। यदि किसी स्थान पर नशा करने या बेचने की सूचना मिलती है तो तुरंत कार्रवाई की जाती है। ये मामला उनके संज्ञान में नहीं है। सूचना मिलते ही ठोस कार्यवाही की जाएगी।

न्यूज डायरी

### रजिस्ट्री के साथ स्वतः इंतकाल दर्ज होने की व्यवस्था

**कैथल।** भारतीय जनता पार्टी जिला कैथल की जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार जनहित के निर्णय लेकर प्रदेश के हर वर्ग के जीवन को सरल, सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। सरकार के हालिया फैसले इस बात का प्रमाण हैं कि भाजपा केवल घोषणाएं नहीं बल्कि जनकल्याण के संकल्प को धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। ज्योति सैनी ने कहा कि सरकार ने आमजन को बड़ी राहत देते हुए रजिस्ट्री के साथ ही स्वतः इंतकाल दर्ज होने की व्यवस्था लागू कर दी है।

### एसडीएम ने किया गुहला के बूथों का निरीक्षण

**गुहला-चीका।** नव नियुक्त एसडीएम मनीष कुमार यादव ने पदभार संभालते ही एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्या व शिकायतों का समाधान समयबद्ध करें। कार्यों में कोई भी लापरवाही न बरती जाए। इसके उपरांत एसडीएम मनीष कुमार यादव ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत ने गुहला, चीका व भागल गांव के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

### पंचायत समिति पूंडरी की चेयरपर्सन ने ली शपथ

**पूंडरी।** पंचायत समिति पूंडरी की नवनिर्वाचित चेयरपर्सन अर्चना शर्मा ने मंगलवार को आयोजित गरिमामयी समारोह में अपने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। कैथल के उपमंडल अधिकारी (नागरिक) संजय कुमार ने उन्हें विधिवत शपथ दिलाई। समारोह में विधायक प्रतिनिधि एवं गांव जांबा के सरपंच लाभ सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने अर्चना शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की। शपथ ग्रहण के बाद अर्चना शर्मा ने कहा कि पंचायत समिति क्षेत्र के सभी गांवों का समान विकास उनकी पहली प्राथमिकता रहेगा।

### विधायक के बयान के बाद बिजली ठेकेदारों में रोष

**पूंडरी।** बिजली विभाग से जुड़े कार्यों में किसानों से अवैध वसूली के आरोपों पर विधायक सतपाल जांबा द्वारा सख्त कार्रवाई की चेतावनी दिए जाने के बाद पूंडरी डिवीजन के बिजली विभाग के ठेकेदारों ने नाराजगी जताई है। ठेकेदार यूनियन ने मंगलवार को आयोजित बैठक में निर्णय लिया कि वर्तमान टेंडर अवधि आज यानी 30 जून को समाप्त होने के बाद वे पूंडरी डिवीजन में आगे कार्य नहीं करेंगे। बैठक में ठेकेदारों ने कहा कि विधायक द्वारा सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों पर बिजली विभाग के अधिकारियों और ठेकेदारों को बार-बार भ्रष्टाचारी बताए जाने से पूरे ठेकेदार वर्ग की छवि धूमिल हुई है।

## किसानों को योजनाओं की दी जानकारी

**राजौंद।** दी राजौंद बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति (पैक्स) में आम सभा का आयोजन किया गया। इस बैठक में क्षेत्र के किसानों व सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभा के दौरान समिति से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी गई। पैक्स प्रबंधक महेंद्र राणा ने बताया कि बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही,जो इस बात का प्रमाण है कि किसान अब सहकारी समितियों के माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं के प्रति जागरूक हो रहे हैं। सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आय बढ़ाई जा सकती है। सभा में उपस्थित किसानों को खाद-बीज वितरण, ऋण सुविधा, फसल बीमा योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया।

सूचना

मैं, शिव नारायण पुत्र श्री मुन्शी राम निवासी गांव सिवाहा, तहसील व जिला जींद, जींद बयान करता हूं कि मैंने अपने पुत्र पवन कुमार व अपनी पुत्रवधु सुमन और पौत्र सचिन को 07.04.2011 को अपनी तमाम चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दिया था। अब मेरा उपरोक्त पुत्र पवन कुमार व पुत्रवधु सुमन और पौत्र सचिन मेरा हर प्रकार से कहा मानते है और मेरी हर प्रकार से सेवा करते है। अब मैं अपने उपरोक्त पुत्र पवन कुमार व पुत्रवधु सुमन और पौत्र सचिन की बेदखली को कैन्सल करता हूं।

## खबर संक्षेप

### अवैध पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस सहित एक दबोचा

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ जींद की टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते एक युवक को अवैध पिसतौल एवं दो जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है।

डिटेक्टिव स्टाफ जींद के ईचांर्ज मनीष कुमार ने बताया कि टीम उझाना बस अड्डा के निकट गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि उझाना नहर पुल के पास सुनील उर्फ सिल्लू अवैध हथियार के साथ एक युवक खड़ा है।

### वरिष्ठ नागरिक परिषद की बैठक कल

**जींद।** वरिष्ठ नागरिक परिषद की मीटिंग दो को डीआरडीएहाल में होगी। महासचिव चंद्र प्रकाश मलिक ने बताया कि इसमें परिषद् का स्थापना दिवस मनाया जाएगा और परिषद् के नए सदस्यों का सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा अन्य कई मुद्दों पर बैठक में चर्चा होगी।

### असलहा के फोटो अपलोड करना पड़ा महंगा

**जींद।** सोशल मीडिया पर अवैध असलहा के साथ फोटो अपलोड करने पर जुलाना थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ शस्त्र अधिनियम, दहशत फैलाने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जुलाना थाना में तैनात पुलिसकर्मी ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि उन्हे सूचना मिली थी कि अमर करनवाला ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज का संचालक अमर करनवाल अवैध असलहा के साथ पोस्ट सोशल मीडिया पेज पर डालता है।

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ट्रायल 3 को

**जींद।** नेटबॉल एसो जिला जींद के महासचिव दीपक कौशिक ने बताय कि 20वीं ट्रेडिशनल हरियाणा स्टेट नेटबॉल चैंपियनशिप (लड़के और लड़कियां) तीन से पांच जुलाई तक हरियाणा खेल विवि राई सोनीपत में की जा रही है। चैंपियनशिप में जींद की टीम दोनों वर्गों में भाग लेंगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जींद डिस्ट्रिक्ट ट्रायल का आयोजन एक जुलाई को किया गया है। शाम पांच बजे राजीव गांधी स्टेडियम नंदगढ़ में होगा।

### शटर उखाड़कर डेढ़ लाख की नकदी चोरी

**जींद।** पुराना बस अड्डे के निकट बीती रात चोरों ने जनरल स्टोर के शटर को उखाड़ कर डेढ़ लाख की नोटों की माला को चोरी कर लिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी आत्मप्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पुराना बस अड्डे पर जनरल स्टोर की दुकान है। बीती रात चोरों ने दुकान का शटर उखाड़ कर डेढ लाख रुपये की नोटों की माला तथा नोटो की गड्डियों को चोरी कर लिया है।

### फायरिंग कर दहशत फैलाने का मुख्य आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ जींद ने शराब ठेके के बाहर हवाई फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में मुख्य आरोपित को गिरफ्तार किया है। सीआईए स्टाफ जींद के ईचांर्ज निरीक्षक अनूप ने बताया कि थाना जुलाना में निर्जन निवासी विकास ने ने 18 जून को दी शिकायत में बताया था कि उसका गांव शामलो कलां मे शराब का ठेका है।

## न बिजली आने का पता और न जाने का, कंट्रोल रूम नहीं दे पा रहा जवाब

# बिजली के अघोषित कटों से जाग कर रात काटने को मजबूर शहरवासी

**उमस भरी गर्मी के कारण लोग बेहाल**

## बिजली की खपत 125.11 करोड़ यूनिट के पार पहुंची, फ्यूज कंडक्टर जल रहे



**जींद।** दिन के समय गोहाना रोड पर सड़क से गुजरते वाहन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भीषण गर्मी के बीच शहर में बीती रात बिजली के अघोषित कटों ने शहरवासियों को परेशान कर रख दिया। बिना बिजली के शहरवासी जाग कर रात काटने को मजबूर रहे। शहरवासियों ने निगम के शिकायत नंबरों पर फोन किए लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नही मिला। सोमवार रात को भिवानी रोड बाईपास, गुप्ता कॉलोनी, गांधी गली, पटेल नगर, श्याम नगरर कृष्णा कॉलोनी, सफीदों रोड एरिया में ओवरलोड की समस्या के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। जिसके बाद लोगों को पूरी रात बिना सोए गुजारनी पड़ी। बिजली आपूर्ति मंगलवार सुबह करीब पांच बजे बहाल हो सकी। बिजली कटौती के दौरान लोगों ने बिजली निगम के शिकायत केंद्रों और हेल्पलाइन नंबरों पर लगातार संपर्क करने की कोशिश की लेकिन अधिकांश नंबरों पर किसी ने फोन नहीं उठाया। रातभर बिजली नहीं रहने से सबसे अधिक परेशानी बुजुर्गों, छोटे बच्चों और बीमार लोगों को हुई। इनवर्टर भी कुछ घंटों बाद जवाब दे गए। जिसके कारण लोगों को पूरी रात बिना बिजली के सहारे समय बिताना पड़ा। जिले में बिजली की खपत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। प्रतिदिन पांच से दस लाख यूनिट तक की बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। 29 जून को बिजली खपत 125.11 करोड़ यूनिट तक पहुंच गई जो अब तक का सर्वाधिक स्तर माना जा रहा है। बिजली निगम के एक्सईएन विकास मलिक ने बताया कि जिले में बिजली की खपत 125.11 करोड़ यूनिट के पार हो गई है। इसके कारण यह समस्या आ रही है। ओवरलोड की समस्या के कारण कट लगाए जा रहे हैं। इसके कारण फ्यूज कंडक्टर जल रहे हैं। जिले में मंगलवार को भी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। दिनभर पश्चिमी दिशा से 13 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं चलती रहींए जिससे तेज धूप के साथ उमस का भी असर महसूस किया गया। इससे अधिकतम 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम 30 डिग्री रहा। सुबह से ही तेज धूप निकलने के कारण तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हुई। दोपहर तक गर्म हवाओं के चलते वातावरण भी गर्म हो गया। बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी लोगों की आवाजाही अपेक्षाकृत कम रही। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी गर्म हवाओं के प्रभाव से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की है। हालांकि स्थिति लंबे समय तक नहीं रहने वाली है। मंगलवार से मौसम में बदलाव के संकेत मिलने शुरू हो जाएंगे। आसमान में आंशिक रूप से बादल छाने की संभावना हैए जिससे धूप का असर कुछ कम हो सकता है। विशेषज्ञों ने लोगों को सलाह दी है कि जब तक बारिश नहीं होती तब तक दोपहर के समय अनावश्यक रूप से धूप में निकलने से बचें, पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। यदि मौसम विभाग का पूर्वानुमान सही रहा तो जुलाई के पहले सप्ताह में लोगों को भीषण गर्मी से काफी हद तक राहत मिल सकती है।

### एक सप्ताह तक मौसम बना रहेगा खुशनुमा

पूर्वानुमान के अनुसार अगले एक सप्ताह तक मौसम अपेक्षाकृत खुशनुमा बना रहेगा। इस दौरान बीच-बीच में बादल छानेए हल्की हवाएं चलने और कहीं.कहीं बारिश होने की संभावना है। इससे अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहने की उम्मीद है। पंडू पिंडार कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि दो जुलाई को जिले और आसपास के क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। कुछ स्थानों पर गरज.चमक के साथ बूंदाबांदी भी हो सकती है। बारिश होने से तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आने की उम्मीद है।

### अकेलेपन-भीषण गर्मी ने ली बुजुर्ग महिला की जान

**पूंडरी।** पूंडरी के शिव मोहल्ला में एक बुजुर्ग महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार भीषण गर्मी और घर में पर्याप्त सुविधाएं न होने के कारण महिला की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने मामले में इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाकर आगामी प्रक्रिया शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान करीब 75 वर्षीय कंचन देवी के रूप में हुई है। वह अपने घर में अकेली रहती थीं। बताया गया कि उनके परिवार में केवल एक बेटी थी, जो काफी समय पहले उन्हें छोड़कर कहीं चली गई थी। इसके बाद से कंचन देवी का जीवन पूरी तरह पड़ोसियों के सहारे चल रहा था। आसपास के लोग ही समय-समय पर उन्हें भोजन और अन्य जरूरी सहायता उपलब्ध कराते थे। महिला स्वयं काम करने की स्थिति में भी नहीं थीं। बताया गया कि सोमवार रात पड़ोसियों ने उन्हें भोजन दिया था। इसके बाद वह सो गईं। मंगलवार सुबह जब पड़ोसी उन्हें भोजन देने पहुंचे तो उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। घर के अंदर जाकर देखा तो वह मृत अवस्था में पड़ी थीं। घटना की सूचना तुरंत पूंडरी पुलिस चौकी को दी गई।



कुशल पाल राणा के आवास पर सड़क निर्माण को लेकर बैठक में चर्चा करते हुए।

### बैठक में जल्द मुख्यमंत्री से मिलने का लिया निर्णय

**राजौंद।** क्षेत्र में लंबे समय से लंबित सड़क निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय स्तर पर सक्रियता तेज हो गई है। इसी कड़ी में कुशल पाल राणा के आवास पर एक अहम बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने सड़क की खराब स्थिति और उससे हो रही परेशानियों को लेकर खुलकर अपनी-अपनी बात रखी। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि खराब सड़क के कारण न केवल आमजन को दैनिक आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, बल्कि व्यापार और आपातकालीन सेवाओं पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। सड़क से उठ रही धूल से लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है और दमे जैसी बीमारियां फैलने की आशंका भी बनी हुई है। ग्रामीणों ने एक स्वर में मांग उठाई कि इस समस्या का जल्द समाधान किया जाए। इस अवसर पर कुशल पाल राणा ने आश्वासन देते हुए कहा कि क्षेत्र की इस गंभीर समस्या को उच्च स्तर तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही मुख्यमंत्री से मुलाकात कर सड़क निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू करवाने के लिए विशेष रूप से आग्रह किया जाएगा।

## नशा तस्कर की २८ लाख की संपत्ति अटैच

### जींद पुलिस की मुहिम लगातार प्रभावी परिणाम दे रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

थाना जुलाना पुलिस ने गांव करसौला निवासी प्रदीप के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 68एफ के तहत कार्रवाई करते नशा तस्करी से अर्जित उसकी करीब 28 लाख रुपये मूल्य की अवैध संपत्ति को अटैच कराने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।

पुलिस प्रवक्ता राजेश ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपित प्रदीप के विरुद्ध 29 फरवरी 2026 को थाना जुलाना में धारा 20सी, 61 एवं 85 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में आरोपी के कब्जे से 128 किलोग्राम, 912 ग्राम गांजा बरामद किया गया था। मामले की गहन जांच एवं कानूनी प्रक्रिया के दौरान यह प्रमाणित हुआ कि आरोपी ने नशा तस्करी से अवैध रूप से संपत्ति अर्जित की है। इसके आधार पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा आरोपी की पांच कनाल 15 मरले, सात सरसाई, कृषि भूमि व उसके बैंक खाते सहित लगभग 28 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति को अटैच करने के आदेश जारी किए गए हैं। जींद पुलिस की नशा तस्करों के विरुद्ध यह मुहिम लगातार प्रभावी परिणाम दे रही है।

#### सात नशा तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई

इससे पूर्व भी जिला पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए लगभग तीन करोड़ 28 लाख रुपये मूल्य की अवैध संपत्तियां अटैच कराई जा चुकी हैं। इसके अतिरिक्त सात नशा तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिनमें से चार आरोपितों को जेल किया जा चुका है। जबकि शेष मामलों की प्रक्रिया जारी है। इतना ही नही जींद पुलिस ने 27 नशा तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए नरवाना की चमेला कॉलोनी में नशा तस्करी से अर्जित अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चलाकर 26 अवैध मकानों को ध्वस्त किया है, जो नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति का सशक्त उदाहरण है।

### बदमाशों ने दिनदहाड़े महिला के जेवर छीने

**कैथल।** सोमवार शाम दिनदहाड़े बदमाश महिला से सोने की बालियां झपटकर फरार होने की वारदात को अंजाम दे दिया। घटना करनाल रोड स्थित जाट कॉलेज के सामने हुई, जहां दो पैदल युवकों ने पहले महिला से बस स्टैंड का रास्ता पूछा और फिर झपट्टा मारकर बालियां छीन लीं। जानकारी के अनुसार पाड़ला की महिला करनाल रोड से जा रही थी। इसी दौरान दो युवक उसके पास आए और बस स्टैंड का रास्ता पूछने लगे। महिला जैसे ही उन्हें रास्ता बताने लगी, दोनों ने जेब से रूमाल निकालकर उसके कानों से सोने की बालियां झपट लीं। अचानक हुए हमले से महिला संभल भी नहीं पाई और आरोपी मौके से पैदल ही फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही सिविल लाइन थाना पुलिस और सीआईए की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला के बयान दर्ज किए।



हाइड्रोजन ट्रेन।

### आज फिर ट्रायल के लिए ट्रैक पर दौड़ेगी हाइड्रोजन ट्रेन

**जींद।** हाइड्रोजन ट्रेन का बुधवार को हाई स्पीड ट्रायल होगा। ट्रेन का ट्रायल रोहतकए बहादुरगढ़ व शकूरबस्ती रूट पर किया जाएगा। हालांकि मंगलवार को ट्रेन का हाई स्पीड ट्रायल नहीं हुआ। सोमवार को देर रात ट्रेन जींद लौटी थी। इससे पहले चार बार हाइड्रोजन ट्रेन का हाई स्पीड ट्रायल हो चुका है। आगामी एक सप्ताह तक ट्रेन का ट्रायल होने की संभावना है।अगर ट्रायल के दौरान सब कुछ सही रहा तो जल्द ही ट्रेन ट्रैक पर लौट सकती है।पहले दिन शुक्रवार को ट्रेन को दिल्ली सब्जी मंडी ले जाया गया। वहां सब्जी मंडी और सोनीपत के बीच 85 से 120 के बीच अलग-अलग स्पीड पर ट्रायल किया गया। वहीं शनिवार को दूसरे दिन सोनीपत दिल्ली सब्जी मंडी के बीच चार चक्कर लगाए गए। इस दौरान ट्रेन को 80, 100 और 120 की अलग-अलग स्पीड मानकों पर ट्रायल किया गया। वहीं रविवार को तीसरे दिन जींद से खरैंटी के बीच 120 की स्पीड से दौड़ाया गया। इसके बाद सोमवार को चौथे दिन ट्रेन का बहादुरगढ़ व शकूरबस्ती के बीच 110 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से ट्रायल किया गया।

## टिकट चैकर रोडवेज उपनिरीक्षक को धक्का दे बस से नीचे गिराया, घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उचाना के निकट मंगलवार को टिकट चैक कर रहे रोडवेज उप निरीक्षक को कुछ युवकों ने धक्का दे दिया। जिसमें नीचे गिर कर उप निरीक्षक घायल हो गया। एक युवक को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया है। घायल उप निरीक्षक को उचाना नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया है। उचाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। रोडवेज का उप निरीक्षक राधेश्याम (56) मंगलवार को सुबह गांव व छात्तर वाया घोघड़िया नरवाना जा रही रोडवेज की बस को उचाना के निकट रूकवा कर जांच कर रहे थे। उसी दौरान बस में दो युवक बिना टिकट पाए गए। जिसको लेकर युवकों की उप निरीक्षक राधेश्याम से कहासुनी हो गई। नौबत हाथापाई तक जा पहुंची। घटना के दौरान राधेश्याम बस की अगली खिड़की में खड़े हुए थे। उसी दौरान बस सवार युवकों ने उन्हें धक्का दे दिया। जिसमे उप निरीक्षक राधेश्याम नीचे सड़ पर गिर गए और घायल हो गए। राधेश्याम के साथ हाथापाई करने वाला युवक फरार हो गया। जबकि दूसरे को यात्रियों ने पकड़ कर पुलिस को बुला हवाले कर दिया। रोडवेज उप निरीक्षक राधेश्याम को उपचार के लिए उचाना के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस को सौंपा गया युवक गांव छात्तर का बताया जा रहा है।

## न्यूज डायरी

### छुट्टियां खत्म, मस्ती बंद, आज से आओ स्कूल चले हम

**जींद।** ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के साथ ही विद्यालयों में एक बार फिर बच्चों की चहल-पहल लौटने वाली है। लंबे अवकाश के बाद अब नन्हे-मुन्ने विद्यार्थी पूरे उत्साह और उमंग के साथ नए सत्र की शुरुआत के लिए तैयार हैं। बच्चों ने अपनी छुट्टियों का भरपूर आनंद लेने के साथ-साथ विद्यालय द्वारा दिए गए जॉयफुल गृहकार्य को भी सफलतापूर्वक पूरा किया। अब वे अपने बस्तों को सहेज रहे हैं, किताबों और कॉपियों को व्यवस्थित कर रहे हैं तथा अपने साथियों और शिक्षकों से मिलने के लिए उत्साहित हैं। जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने बताया कि इस बार ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों को ऐसा समर हॉलिडे पैकेज दिया गया, जिससे सीखना केवल पुस्तकों तक सीमित न रहकर दैनिक जीवन से भी जुड़ गया। बच्चों ने खेल-खेल में भाषा, गणित और रचनात्मक गतिविधियों को अपनाया तथा विभिन्न रोचक कार्यों के माध्यम से अपनी सीखने की क्षमता को और बेहतर बनाया। उन्होंने बताया कि बच्चों ने अवकाश के दौरान अपने माता-पिता एवं परिवार के अन्य सदस्यों का घरेलू कार्यों में सहयोग किया। घर की छोटी-छोटी जि मेदारियों को निभाते हुए उन्होंने समय प्रबंधन, अनुशासन, स्वच्छता, सहयोग और आत्मनिर्भरता जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल भी सीखे। इसके साथ ही बच्चों ने प्रकृति का अवलोकन किया, पुस्तकें पढ़ीं, चित्र बनाए, कहानियां लिखी तथा अनेक रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेकर अपने अनुभवों को समृद्ध किया।राजेश वशिष्ठ ने कहा कि जॉयफुल गृहकार्य का उद्देश्य बच्चों को बिना किसी मानसिक दबाव के आनंददायक वातावरण में सीखने का अवसर प्रदान करना था।

### गणना फॉर्म नहीं मिला तो तुरंत बीएलओ से करें संपर्क या टोल-फ्री नंबर 1950 पर लें सहायता

**कैथल।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अपराजिता ने जिले के सभी पात्र नागरिकों एवं मतदाताओं से अपील करते कहा कि यदि किसी भी मतदाता को अब तक विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत गणना फॉर्म प्राप्त नहीं हुआ है तो वह बिना किसी देरी के अपने क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) से संपर्क करें। इसके अलावा संबंधित निर्वाचक पंजीयन अधिकारी के कार्यालय अथवा चुनाव आयोग के टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1950 पर संपर्क कर भी आवश्यक सहायता प्राप्त की जा सकती है। डीसी ने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम दर्ज होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसलिए सभी नागरिक यह सुनिश्चित करें कि उन्हें गणना फॉर्म प्राप्त हो तथा निर्धारित समय के भीतर उसे सही एवं पूर्ण रूप से भरकर जमा करवाया जाए। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं ने अभी तक अपना गणना फॉर्म जमा नहीं कराया है, वे फॉर्म पर अपनी नवीनतम रंगीन फोटो चस्पा करें, निर्धारित स्थान पर हस्ताक्षर करें तथा आवश्यक दस्तावेजों सहित तुरंत अपने बीएलओ के पास जमा करवाएं। समय पर फॉर्म जमा करने से मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया सुचारु रूप से पूरी होगी और कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहेगा।

### पोर्टल की गड़बड़ी से आईटीआई दाखिले अधर में

**कैथल।** प्रदेश के राजकीय और निजी आईटीआई में सत्र 2026-27 के दाखिलों की प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल की तकनीकी खामियों के कारण पटरी से उतर गई है। विभाग द्वारा दो बार आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाने के बावजूद अभ्यर्थियों को ट्रेड चयन का विकल्प नहीं मिल सका। आवेदन अवधि 30 जून को समाप्त होने के बाद भी ट्रेड चयन का शेड्यूल जारी नहीं होने से हजारों विद्यार्थियों के दाखिले अधर में लटक गए हैं। ऐसे में अब आवेदन तिथि दोबारा बढ़ाने और संशोधित शेड्यूल जारी किया जा सकता है बता दें कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की ओर से आईटीआई दाखिलों के लिए 2 जून से ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की गई थी। 12 जून के बाद से ही पोर्टल पर तकनीकी दिक्कतें सामने आती रहीं। पहला शेडयूल 15 जून को समाप्त होने के बाद विभाग ने इस बढाकर 30 जून तक कर दिया था। कई अभ्यर्थियों को आवेदन भरने में परेशानी हुई तो अनेक विद्यार्थियों को आवेदन पूरा होने के बाद भी ट्रेड चयन का विकल्प दिखाई नहीं दिया। विभाग ने इन समस्याओं को देखते हुए आवेदन की अंतिम तिथि दो बार बढ़ाई, लेकिन इसके बावजूद ट्रेड चयन की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। आईटीआई के अधिकारियों का कहना है कि रोजाना बड़ी संख्या में विद्यार्थी जानकारी लेने पहुंच रहे हैं, लेकिन विभाग की ओर से अभी तक कोई स्पष्ट निर्देश नहीं मिले हैं। इससे विद्यार्थियों के साथ-साथ संस्थानों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### करीब 12.5 लाख के मोबाइल मालिकों को सौंपे

**कैथल।** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला की साइबर सेल जहां अपराध व अपराधियों पर शिकंजा कसने में अहम भूमिका निभा रही है वहीं जिला की साइबर सेल प्रभारी एएसआई राकेश की अगुवाई में एएसआई रणदीप सिंह, एचसी दीपक, एचसी अरुण, सिपाही अनिल कुमार की टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटा कर जून माह में आमजन के गुम हुए करीब 12.5 लाख रुपये से अधिक कीमत के 78 मोबाइल फोन को ढूंढ कर सराहनीय कार्य किया है। डीएसपी सुशील प्रकाश द्वारा पुलिस लाइन कैथल में आज उक्त मोबाइल फोनों के मालिकों को बुलाकर मोबाइल फोन सौंपे गए। लोगों ने पुलिस का थैंक्स कहकर आभार जताया। वहीं मोबाइल फोन ढूंढने में अहम भूमिका निभाने वाली साइबर सेल टीम की प्रशंसा की।

### चमेला कॉलोनी में छह अवैध कुंडी कनेक्शन पकड़े

**जींद।** पुलिस द्वारा ऑपरेशन न्यू डाउन के तहत नशा तस्करों, अपराधियों तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त तत्वों के विरुद्ध लगातार प्रभावी एवं सुनियोजित अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को थाना शहर नरवाना, सीआईए स्टाफ नरवाना, बिजली विभाग नरवाना, डॉग स्क्वाड तथा थाना गढ़ी पुलिस तथा निरीक्षक मनोज कुमार के तहत संयुक्त टीमों द्वारा चमेला कॉलोनी, नरवाना एवं गांव धमतान साहिब में विशेष नशा विरोधी सर्च अभियान चलाया गया। संयुक्त अभियान के दौरान बिजली विभाग की टीम ने भी व्यापक जांच करते बिजली चोरी के मामलों पर कड़ी कार्रवाई की। चमेला कॉलोनी में 6 अवैध कुंडी कनेक्शन पकड़े गए। जिनके विरुद्ध नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करते जुर्माना लगाया । वहीं धमतान साहिब में सात अवैध बिजली कनेक्शन पकड़े गए। दोनों स्थानों पर बिजली चोरी के मामलों में करीब तील लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। अभियान के दौरान डॉग स्क्वाड की सहायता से चमेला कॉलोनी में घर-घर जाकर गहन तलाशी ली गई।

### अतिथि अध्यापकों को नियमित करे सरकारः अमर

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल की और संबंधित अधिकारी के माध्यम से अतिरिक्त मुख्य सचिव महोदय स्कूल शिक्षा विभाग हरियाणा के नाम शिक्षकों की लंबित मांगो का ज्ञापन सौंपा। अध्यक्षता जिला प्रधान रामफल दयोहरा ने व संचालन जिला सचिव अमर नाथ किठाणिया ने किया। बताया कि राज्य कमेटी के आह्वान पर प्रदेश में डीईओ कार्यालयों पर सांकेतिक भूख हड़ताल की। महासचिव रामपाल जिला वरिष्ठ उपप्रधान विद्यावती, सहसचिव शमशेर कालिया, सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला प्रधान ओमपाल भाल, वरिष्ठ उपप्रधान छज्जू राम व उपप्रधान सावित्री देवी ने बताया कि मुख्य मांगो में शिक्षकों पर थोपी जा रही टेट परीक्षा पास करने की अनिवार्यता की समस्या का स्थाई समाधान किया जाए। इस अवसर पर ब्लॉक प्रधान कृष्ण आर्य, सतपाल पांचाल, जयप्रकाश शास्त्री,सतीश कुमार,सुशील ढुल, पलविंद्र सिंह, जरनैल सिंह, रमेश गुलियाना,सतबीर सिंह,वीरेंद्र शास्त्री आदि मौजूद रहे।

### रेलगाड़ी की चपेट में आने से युवक और महिला की मौत

**कैथल।** सोमवार देर रात दो दो स्थानों पर रेल हादसों में 30 साल के युवक और 66 साल की बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। एक हादसा शहर के चंदाना रोड रेलवे फाटक के पास हुआ। जबकि दूसरा ढांड रेलवे स्टेशन के नजदीक हुआ। दोनों दौलपुर-साबरमती इंटरसिटी ट्रेन की चपेट में आए। सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। जीआरपी चौकी प्रभारी कर्ण सिंह ने बताया कि चंदाना रोड फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से मृत युवक की पहचान रोहतक निवासी हाल कैथल निवासी बुधराम (30) के रूप में हुई है। वह कैथल में मेहनत-मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके परिवार में पत्नी और एक बेटी है। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दूसरे हादसे में बैंक कॉलोनी निवासी 66 साल की बुजुर्ग भरथो देवी ढांड रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

#### राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर विशेषः 32 साल की सेवा के बाद डॉ. रमेश पांचाल सेवानिवृत्त

# कोरोना काल में सबसे अधिक सैंपल लेने का बनाया रिकार्ड

## कोविड काल में तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने किया था सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में डिप्टी सिविल सर्जन के रूप में कार्यरत डा. रमेश पांचाल 32 साल की सेवा के बाद मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए। कोरोना काल में जींद में पहला सैंपल डा. रमेश पांचाल ने लिया था। उन्होंने पूरे प्रदेश में पांच लाख ओपीडी करके भी रिकार्ड बनाया है। कोरोना काल में 35 हजार सैंपल का भी उनका रिकार्ड है। प्रदेश के पहले दंतक विभाग के डिप्टी सिविल सर्जन डा. रमेश पांचाल ही बने थे। गांव घिमाना के रहने वाले डा. रमेश पांचाल का 1968 में जन्म हुआ था। इनके पिताजी एक साधारण से मिस्त्री थे। उन्होंने अपनी मेहनत से डा. रमेश पांचाल को पढ़ाया। 1994 में रमेश पांचाल ने नागरिक अस्पताल जींद में एक दंतक सर्जन के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। अपनी सेवा के 30 साल उन्होंने जींद के ही नागरिक अस्पताल में बिताए। बीच में वह एमडीए करने के लिए गए थे। डा. रमेश पांचाल के नाम प्रदेश में सबसे अधिक ओपीडी का रिकार्ड भी है। उन्होंने अपने सेवाकाल के दौरान पांच लाख मरीज देखे। डिप्टी सिविल सर्जन बनने के बाद भी वह ओपीडी करते थे। मंगलवार व वीरवार को दो दिन तक मरीज उनका ओपीडी के लिए इंतजार करते थे। वहीं 2020 में जब कोरोना महामारी की शुरुआत हुई तो डा. रमेश पांचाल ने ही पहला सैंपल लिया था। हालांकि यह काम डेंटल सर्जन का नहीं थाए उसके बाद भी वह आगे आए सैंपल लेने शुरू किए। डा. रमेश पांचाल ने कोरोना काल के दौरा 35 हजार लोगों के सैंपल लिए। तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने उनको इसके लिए सम्मानित भी किया था। डा. रमेश पांचाल जब कैंसर के डिप्टी सिविल सर्जन थे उन्होंने चंडीगढ़ में हुई स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक में कैंसर मरीजों को पेंशन देने की योजना शुरू करने की मांग उठाई थी। हालांकि इसके बाद कई जगह से यह मांग उठी। दो साल बाद सरकार ने बजट में कैंसर मरीजों के लिए पेंशन की घोषणा की।

### 100 के आसपास बच्चों के करवाए दिल के आपरेशन



डा. रमेश पांचाल मेंटल हेल्थ के जब डिप्टी सिविल सर्जन थे तो सरकार की योजना के अनुसार छोटे बच्चों के दिल के आपरेशन करवाए। जिन बच्चों के बचपन से दिल में छेद था, उनको यह सुविधा मिलती थी। कई बच्चों के अभिभावकों के साथ डा. रमेश पांचाल खुद मोहाली के फोर्टिज अस्पताल गए और वहां आपरेशन करवाकर लाए। जो बच्चे आंगनबाड़ी जाते हैं, उनके लिए इस प्रकार की योजना सरकार ने लागू की है। वहीं डा. रमेश पांचाल ने तंबाकू कंट्रोल के डिप्टी सिविल सर्जन रहते हुए अनेक लोगों को तंबाकू छोडने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा डा. रमेश पांचाल ने एक हजार से अधिक लोगों के सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान करते हुए चालान भी काटे हैं।

### कैंसर मरीजों को पेंशन दिलवाई

डा. रमेश पांचाल ने कोरोना काल के दौरा 35 हजार लोगों के सैंपल लिए। तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने उनको इसके लिए सम्मानित भी किया था। डा. रमेश पांचाल जब कैंसर के डिप्टी सिविल सर्जन थे उन्होंने चंडीगढ़ में हुई स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक में कैंसर मरीजों को पेंशन देने की योजना शुरू करने की मांग उठाई थी। हालांकि इसके बाद कई जगह से यह मांग उठी। दो साल बाद सरकार ने बजट में कैंसर मरीजों के लिए पेंशन की घोषणा की।